# अमृत विचार

दिनांक: 02 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 03

# सामाजिक सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार को निभानी चाहिए



अवध विश्वविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते प्रो . मनमोहन कृष्ण ।

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 29 वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में ' भारत में सामाजिक सुरक्षा' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य वक्ता प्रो मनमोहन कृष्ण, चेयर प्रोफेसर नीति आयोग रहे।

उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा तीनों जिम्मेदारियों को सक्रियता एवं निष्ठा से निभाना चाहिए। तभी भारत सही मायनों में विकसित एवं खुशहाल राष्ट्र के रूप में स्थापित हो पायेगा। उन्होंने एकीकृत पेंशन योजना पर विस्तार से चर्चा की एवं पुरानी पेंशन व नई पेंशन योजना का तुलनात्मक और समालोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार को प्रयास करने की जरूरत है। अध्यक्षता करते हुए कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो आशुतोष सिन्हा ने कहा कि भारत जैसे राष्ट्र में जहां श्रम बाजार का एक बहुत बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में है, वहां पर सामाजिक सुरक्षा की नितान्त आवश्यकता है और यह सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। संचालन प्रो. विनोद द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मृदुला मिश्रा ने किया।

# अमर उजाला माईसिटी

दिनांकः 02 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 03

# 'सामाजिक सुरक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी'



अवध विवि में आयोजित संगोष्ठी में मौजूद अतिथि व अन्य। -विवि

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र और ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 29 वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में 'भारत में सामाजिक सुरक्षा' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो मनमोहन कृष्ण रहे। उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा तीनों जिम्मेदारियों को निष्ठा से निभाना चाहिए। उन्होंने एकीकृत पेंशन योजना पर विस्तार से चर्चा की एवं पुरानी पेंशन व नई पेंशन योजना का तुलनात्मक और समालोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार को प्रयास करने की जरूरत है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा ने कहा कि भारत जैसे राष्ट्र में जहां श्रम बाजार का एक बहुत बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में है, वहां पर सामाजिक सुरक्षा की नितांत आवश्यकता है और यह सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम का संचालन प्रो विनोद श्रीवास्तव ने किया। प्रो. मृदुला मिश्रा ने आभार ज्ञापित किया।

# अमर उजाला माईसिटी

दिनांकः 02 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 04


# विश्वविद्यालय ने जारी की स्वर्ण पदक विजेताओं की सूची

**20 सितंबर को होगा दीक्षांत समारोह**

**अयोध्या।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने 20 सितंबर को अयोजित होने वाले दीक्षान्त समारोह में दिए जाने वाले स्वर्ण पदक विजेता छात्र-छात्राओं की सूची जारी कर दी है। जिसमें कुलपति स्वर्ण पदक 33, कुलाधिपति स्वर्ण पदक 64, रणंजय स्वर्ण पदक एक, रणवीर स्वर्ण पदक एक, साहित्य महारथी डॉ. रमाशंकर स्वर्ण पदक एक छात्र को मिला।

## ये हैं कुलपति स्वर्ण पदक विजेता

श्रद्धा यादव, आर्यन प्रताप सिंह, वैभव पाण्डेय, श्रिया श्रीवास्तव, अर्पिता सिंह, तनीषा जैन, आस्था त्रिपाठी, आयुषी, अमृता यादव, परिनीता राय, यशस्वी श्रीवास्तव, अंशिका शुक्ला, नीलेश पाण्डेय, कृष्ण प्रताप, शिवांगी सिंह, अनिमेष राय, श्रद्धा निगम, मयंक सिंह, अंजलि बिष्ट, संदीप कुमार पॉल, इमराना बानो, प्रियंका यादव, भानुप्रताप भारती, आफिया परवेज खान, पारूल मिश्रा, उत्कर्ष सिंह, सत्येन्द्र वर्मा, प्रतीक्षा सिंह, निखिल पाण्डेय, विमल सिंह, मनीषा यादव, शिवांगी श्रीवास्तव शामिल हैं। (संवाद)

हिन्दुस्तान

दिनांकः 02 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 04


# सरकार सामाजिक सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाए: प्रो. मनमोहन

**अवध विवि**

**अयोध्या, संवाददाता।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रोफेसर मनमोहन कृष्ण ने कहा कि सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा को सक्रियता एवं निष्ठा से निभाना चाहिए। तभी भारत सही मायनों में विकसित एवं खुशहाल राष्ट्र के रूप में स्थापित हो पाएगा। उन्होंने एकीकृत पेंशन योजना पर विस्तार से चर्चा की एवं पुरानी पेंशन व नई पेंशन योजना का तुलनात्मक और समालोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार को प्रयास करने की बहुत जरूरत है।



अवध विवि में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रो. मनमोहन कृष्ण विचार व्यक्त किए।

यह बातें प्रो. कृष्ण ने डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 29वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में 'भारत में सामाजिक सुरक्षा' विषयक संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता कही। अध्यक्षता करते हुए कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा ने कहा कि भारत में सामाजिक सुरक्षा की नितान्त आवश्यकता है।

स्वतंत्र भारत

दिनांकः 02 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 09

# सामाजिक सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार को निभानी चाहिएः प्रो0 मनमोहन कृष्ण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 29 वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में शनिवार को 'भारत में सामाजिक सुरक्षा' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य वक्ता प्रो0 मनमोहन कृष्ण, चेयर प्रोफेसर नीति आयोग व पूर्व वाणिज्य संकायाध्यक्ष व पूर्व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज रहे। उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा तीनों जिम्मेदारियों को सक्रियता एवं निष्ठा से निभाना चाहिए। तभी भारत सही मायनों में विकसित एवं खुशहाल राष्ट्र के रूप में स्थापित हो पायेगा। उन्होंने एकीकृत पेंशन योजना पर विस्तार से चर्चा की एवं पुरानी पेंशन व नई पेंशन योजना का तुलनात्मक और समालोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार को प्रयास करने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा ने कहा कि भारत जैसे राष्ट्र में जहां श्रम बाजार का एक बहुत बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में है, वहां पर सामाजिक सुरक्षा की नितान्त आवश्यकता है और यह सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 विनोद श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 मृदुला मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

तरूणमित्र

दिनांकः 02 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्याः 03


# सामाजिक सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार को निभानी चाहिए : प्रो. मनमोहन कृष्ण

0 श्रम बाजार का एक बहुत बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में है : प्रो. आशुतोष सिन्हा

0 अवध विवि में भारत में सामाजिक सुरक्षा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन



**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 29 वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में शनिवार को 'भारत में सामाजिक सुरक्षा' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य वक्ता प्रो0 मनमोहन कृष्ण, चेयर प्रोफेसर नीति आयोग व पूर्व वाणिज्य संकायाध्यक्ष व पूर्व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज रहे। उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा तीनों जिम्मेदारियों को सक्रियता एवं निष्ठा से निभाना चाहिए। तभी भारत सही मायनों में विकसित एवं खुशहाल राष्ट्र के रूप में स्थापित हो पायेगा। उन्होंने एकीकृत पेंशन योजना पर विस्तार से चर्चा की एवं पुरानी पेंशन व नई पेंशन योजना का तुलनात्मक और समालोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार को प्रयास करने की जरूरत है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा ने कहा कि भारत जैसे राष्ट्र में जहां श्रम बाजार का एक बहुत बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में है, वहां पर सामाजिक सुरक्षा की नितान्त आवश्यकता है और यह सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 विनोद श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 मृदुला मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कुटुंब जागरण

दिनांक: 02 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 04


# सामाजिक सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार को निभानी चाहिए: प्रो0 मनमोहन कृष्ण

कुटुंब जागरण ब्यूरो,

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 29 वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में शनिवार को ह्लभारत में सामाजिक सुरक्षाह्व विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य वक्ता प्रो0 मनमोहन कृष्ण, चेयर प्रोफेसर नीति आयोग व पूर्व वाणिज्य संकायाध्यक्ष व पूर्व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज रहे। उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा तीनों जिम्मेदारियों को सक्रियता एवं निष्ठा से निभाना चाहिए। तभी भारत सही मायनों में विकसित एवं खुशहाल राष्ट्र के रूप में स्थापित हो पायेगा। उन्होंने एकीकृत पेंशन योजना पर विस्तार से चर्चा की एवं पुरानी पेंशन व नई पेंशन योजना का तुलनात्मक और समालोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार को प्रयास करने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा ने कहा कि भारत जैसे राष्ट्र में जहां श्रम बाजार का एक बहुत बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में है, वहां पर सामाजिक सुरक्षा की नितान्त आवश्यकता है और यह सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 विनोद श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 मृदुला मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

स्वतंत्र चेतना

दिनांक: 02 सितम्बर, 2024 पृष्ठ संख्या: 04

# सामाजिक सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार को निभानी चाहिए: प्रो0 मनमोहन कृष्ण

**स्वतंत्र चेतना, अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 29 वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में भारत में सामाजिक सुरक्षा' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो0 मनमोहन कृष्ण, चेयर प्रोफेसर नीति आयोग व पूर्व वाणिज्य संकायाध्यक्ष व पूर्व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज रहे।



उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा तीनों जिम्मेदारियों को सक्रियता एवं निष्ठा से निभाना चाहिए। तभी भारत सही मायनों में विकसित एवं खुशहाल राष्ट्र के रूप में स्थापित हो पायेगा। उन्होंने एकीत पेंशन योजना पर विस्तार से चर्चा की एवं पुरानी पेंशन व नई पेंशन योजना का तुलनात्मक और समालोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार को प्रयास करने की जरूरत है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा ने कहा कि भारत जैसे राष्ट्र में जहां श्रम बाजार का एक बहुत बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में है, वहां पर सामाजिक सुरक्षा की नितान्त आवश्यकता है और यह सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉं सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 विनोद श्रीवास्तव व धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 मृदुला मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।